# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक–प.नि.7003/25

दिनांक–10.12.2025

## कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पत्रांक प.नि.6967/25 दिनांक 29.11.2025 के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों - शास्त्री तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2024–2028), शास्त्री पंचम सेमेस्टर (सत्र 2023–2026), एवं आचार्य तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2024–2026) के परीक्षावेदनपत्र पूरित करने के लिये दिनांक 10.12.2025 तक की तिथि निर्धारित की गयी थी।

छात्रहित के दृष्टिगत कुलपति महोदय से प्राप्त स्वीकृति दिनांक 10.12.2025 के अनुपालन में उपर्युक्त कक्षाओं के संस्थागत/व्यक्तिगत/बैक/भूतपूर्व/एकविषयक परीक्षावेदनपत्र पूरित करने की अवधि अन्तिम रूप से दिनांक 12.12.2025 तक विस्तारित की जाती है, जिसका विवरण अधोलिखित है–

1. दिनांक **11.12.2025** से दिनांक **12.12.2025 (मध्यरात्रि)** तक परीक्षावेदनपत्र पूरित किया जा सकेगा।
2. पूर्व वर्ष की दर से परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय कोष में आनलाईन पद्धति द्वारा गेटवे के माध्यम से एतदर्थ निर्धारित तिथि के अन्तर्गत जमा किया जा सकेगा।
3. विश्वविद्यालय परिसर के भी छात्र/छात्राओं को उक्त निर्धारित तिथि के अन्तर्गत परीक्षावेदनपत्र पूरित करना अनिवार्य होगा।
4. महाविद्यालयों द्वारा पूरित परीक्षावेदनपत्र के सापेक्ष छात्रों की **मात्र नामावली** परीक्षा विभागान्तर्गत सम्बन्धित जनपद के पटल सहायकों को दिनांक 14.12.2025 तक जमा किया जा सकेगा।

अतः कृपया उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के परीक्षावेदनपत्र, यथा निर्देश **पूरित** कराना सुनिश्चित करें।

***नोट–समर्थ पोर्टल के माध्यम से पूरित होने वाली वाली शास्त्री प्रथम एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर के परीक्षावेदनपत्र के सम्बन्ध में सूचना शीघ्र दी जायेगी।***

(दिनेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर केन्द्र को सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से पोर्टल सक्रिय रखने तथा उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने हेतु प्रेषित।
5. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
6. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
7. अधीक्षक(परीक्षा)।
8. अधीक्षक, छात्र कल्याण कार्यालय।
9. समस्त सम्बद्ध पटल सहायक, आवेदनपत्र (शाखा)।
10. जनसम्पर्क कार्यालय।
11. सम्बद्ध पत्रावली।

(दिनेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक